# प्रेस नोट दिनांक 14.03.2026, जनपद प्रतापगढ़

**थाना नवाबगंज-**

थाना नवाबगंज पुलिस की कार्यवाही: अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार-

थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त दिव्यांशु पटेल के कब्जे से 01 अदद नाजायज 315 बोर तमंचा व 01 अदद जिन्दा नाजायज कारतूस 315 बोर के साथ किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी नवाबगंज श्री संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 विनय वर्मा चौकी प्रभारी लवाना मय हमराह हे0 का0 जवाहर राम, का0 उपेन्द्र कुमार व का0 प्रशांत राठी द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्रान्तर्गत सिन्दुराईपुर पुल ग्राम सिन्दुराईपुर के पास से 01 अदद नाजायज 315 बोर तमंचा व 01 अदद जिन्दा नाजायज कारतूस के साथ 01 अभियुक्त, दिव्यांशु पटेल पुत्र कमलेश पटेल नि0 मद्दपुर भोरई का पुरवा थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

उक्त बरामदगी के आधार पर थाना नवाबगंज पर 32/2026 धारा 9/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद मोटर साइकिल बरामद की गई, जिसको धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. दिव्यांशु पटेल पुत्र कमलेश पटेल नि0 मद्दपुर भोरई का पुरवा थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 19 वर्ष।

बरामदगी-
01 अदद नाजायज 315 बोर तमंचा व 01 अदद जिन्दा नाजायज कारतूस व 01 अदद मोटर साइकिल बरामद।

पुलिस टीम-
उ0नि0 विनय वर्मा चौकी प्रभारी लवाना मय हमराह हे0 का0 जवाहर राम, का0 उपेन्द्र कुमार व का0 प्रशांत राठी थाना नवाबगंज, जनपद प्रतापगढ़।

**थाना आसपुर देवसरा-**

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा "अपहरण" के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त मो0 कैफ उर्फ शेबू को गिरफ्तार किया गया-

थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा अभियुक्त को थाना क्षेत्रान्तर्गत केवटली गेट के पास से गिरफ्तार किया गया-

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी आसपुर देवसरा श्री राकेश कुमार चौरसिया के नेतृत्व में उ0नि0 हरीन्द्र नारायण राय मय हमराह हे0का0 पवन नायक, का0 अरविन्द यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना अन्तर्गत धारा 87/115(2)/351(3)/352/127 (2)बीएनएस व 3(1) द, 3(1)ध,3(2)VA, 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ से संबंधित 01अभियुक्त मो0 कैफ उर्फ शेबू पुत्र मो0कासिम अली निवासी ग्राम कमरपुर थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 20 वर्ष को थाना क्षेत्रान्तर्गत केवटली गेट के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. मो0 कैफ उर्फ शेबू पुत्र मो0कासिम अली निवासी ग्राम कमरपुर थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 20 वर्ष।

पुलिस टीम-
उ0नि0 हरीन्द्र नारायण राय मय हमराह हे0का0 पवन नायक, का0 अरविन्द यादव थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़।

**थाना आसपुर देवसरा-**

थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 कृष्णानन्द श्रीवास्तव मय हमराह का0 रंजीत कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/ चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति व वाहन, तलाश वांछित, वारंटी दौरान माननीय न्यायालय जनपद जौनपुर द्वारा निर्गत वसूली वारण्ट मु0न0 487/2025 धारा 147 बीएनएसएस से सम्बन्धित अभियुक्त वारण्टी परवेश चौहान पुत्र श्यामशंकर निवासी ग्राम आसपुर देवसरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 33 वर्ष को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. परवेश चौहान पुत्र श्यामशंकर निवासी ग्राम आसपुर देवसरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 33 वर्ष।

पुलिस टीम-
उ0नि0 कृष्णानन्द श्रीवास्तव मय हमराह का0 रंजीत कुमार थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़।

**थाना कोतवाली नगर-**

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कुल 82 ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक व बिक्री का 1340/- रुपया नगद के साथ 01 अभियुक्त राम मनोहर को किया गया गिरफ्तार-

➡ अभियुक्त को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत रूपापुर पावर हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया-

जनपद प्रतापगढ़ में पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में "ऑपरेशन प्रहार" प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सतत एवं कठोर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिवनारायण वैस के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली नगर श्री सुभाष कुमार यादव के नेतृत्व में चौकी प्रभारी भगवा, उ0नि0 अमित सिंह मय का0 मो0 आरिफ व का0 कणाद मुनि, का0 विलास यादव द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत रूपापुर पावर हाउस के पास से 01 अभियुक्त राम मनोहर पुत्र स्व0 कालूराम निवासी देवकली थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 55 वर्ष के कब्जे से कुल 82 ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक व बिक्री का 1340/- रुपया नगद के साथ गिरफ्तार किया गया।

उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली नगर मेंमु0अ0स0 168/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पूछताछ का विवरण-
अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि यह स्मैक है मैं इसे छोटे-छोटे पुड़िया में बांधकर चल-फिर कर बेचकर अपने परिवार का खर्च चलाता हूं। यह वही पैसा है आज भी जब मैं बेचने के लिए खड़ा था कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01- राम मनोहर पुत्र स्व0 कालूराम निवासी देवकली थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ उम्र करीब 55 वर्ष।

बरामदगी- कुल 82 ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक व बिक्री का 1340/- रुपया नगद बरामद।

पुलिस टीम का विवरण-
चौकी प्रभारी भगवा, उ0नि0 अमित सिंह मय का0 मो0 आरिफ व का0 कणाद मुनि, का0 विलास यादव थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़।

बयान-
जनपद प्रतापगढ़ में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं प्रसार की रोकथाम हेतु प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा निरंतर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को नशामुक्त वातावरण प्रदान करना तथा समाज, विशेषकर युवाओं, को इस गंभीर बुराई से सुरक्षित रखना है।

आमजन से अपील है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से मादक पदार्थों का निर्माण, क्रय-विक्रय या तस्करी होती दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर — 6307363107 पर दें। आपकी पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

**थाना कोतवाली नगर-**
पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दहेज हत्या के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्तों, मनोज मिश्रा व शोभित कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है-

प्रतापगढ़।
वादी निवासी ग्राम पूरे जी.एन. पाण्डेय भवानीगढ़ शाहवरी थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ की पुत्री का विवाह दिनांक 13.05.2021 को शोभित मिश्र पुत्र मनोज मिश्रा निवासी ग्राम शुकुलपुर दहिलामऊ थाना कोतवाली नगर के साथ हुआ था। विवाह के उपरान्त पति, सास-ससुर व ननदों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। दिनांक 13.03.2026 को सूचना प्राप्त हुई कि उसकी ने फांसी लगा ली है, जिस पर वादी द्वारा आरोप लगाया गया है कि उपरोक्त ससुरालीजन द्वारा एकराय होकर उसकी पुत्री की हत्या कर आत्महत्या का रूप दिया गया है। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0स0-164/2026 धारा 85/115(2)/352/351(2)/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट बनाम 05 नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिवनारायण वैस के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली नगर श्री सुभाष कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 अनुपम त्रिपाठी मय हमराह उ0नि0 दिपाली हे0का0 संजीव कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत मु0अ0स0-164/2026 धारा 85/115 (2)/352/351 (2)/80 (2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ से संबंधित 02 अभियुक्तों, 01. मनोज मिश्रा पुत्र चन्द्रशेखर मिश्रा निवासी दहिलामऊ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ, 02.

शोभित कुमार मिश्रा पुत्र मनोज कुमार मिश्रा निवासी दहिलामऊ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

01. मनोज मिश्रा पुत्र चन्द्रशेखर मिश्रा निवासी दहिलामऊ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ।

02. शोभित कुमार मिश्रा पुत्र मनोज कुमार मिश्रा निवासी दहिलामऊ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 अनुपम त्रिपाठी मय हमराह उ0नि0 दिपाली हे0का0 संजीव कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।